कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।

(Email id- rtamuztirhut.bih@bihar.gov.in)

आदेश

एतद् द्वारा सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि माह अक्टूबर 2024 में परमिट हेतु प्राप्त आवेदनों पर निर्णय तथा माह जुलाई 2024 के कार्यावली क्रमांक 35, माह अगस्त 2024 के कार्यावली क्रमांक 36 एवं माह सितम्बर 2024 के कार्यावली क्रमांक 11, 12, 33, 35, 37, 61, 66 एवं 95 पर लंबित आवेदन के संबंध में निर्णय हेतु प्राधिकार की बैठक दिनाक–30.10.2024 को पूर्वाहन 10:30 बजे से आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आहूत की जाएगी।

उक्त बैठक में आपत्ति वाले मामलों पर परमिट हेतु निर्णय व्यक्तिगत सुनवाई के माध्यम से की जाएगी।

उक्त प्रस्ताव पर आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर का अनुमोदन प्राप्त है।

Surendra Prasad

Digitally signed by Surendra Prasad
Date: 2024.10.29 11:00:16 +05'30'

संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
मुजफ्फरपुर।

ज्ञापांकः–RTA/4165/परि0, मुजफ्फरपुर, दिनांक– 29-10-2024

प्रतिलिपिः– राज्य परिवहन आयुक्त, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः– वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ। अनुरोध है कि उक्त अवसर पर एक सेक्शन पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति आयुक्त कार्यालय में करने की कृपा की जाए।

प्रतिलिपिः– अपर समाहर्त्ता, राजस्व, मुजफ्फरपुर (सदस्य–क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर) को सूचनार्थ एवं निर्धारित तिथि को ससमय बैठक में भाग लेने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अनुमंडल दण्डाधिकारी, पूर्वी मुजफ्फरपुर को उक्त अवसर पर एक दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति आयुक्त कार्यालय में करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– उप निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि इसे सभी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाए।

प्रतिलिपिः– जिला परिवहन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/सीतामढ़ी/वैशाली/शिवहर/पूर्वी चम्पारण/ पं0 चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– प्रमंडलीय प्रबंधक, बी०एस०आर०टी०सी०, मुजफ्फरपुर, सभी वाहन स्वामियों एवं ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों के प्रतिनिधियों को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– नाजीर, आई0 टी0 सहायक, आयुक्त कार्यालय, तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर को आवश्यक व्यवस्था करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

Surendra Prasad

Digitally signed by Surendra Prasad
Date: 2024.10.29 11:00:48 +05'30'

संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
मुजफ्फरपुर।